# ग्राम पंचायत हारवोह, विकास खण्ड रैत, जिला कांगड़ा के लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 1.4.2013 से 31.3.2016

## भाग–एक

1 **(क) प्रस्तावनाः–**

ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC- (5) C (15) LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश को सौंपे जाने के दृष्टिगत ग्राम पंचायत हारवोह, विकास खण्ड रैत, जिला कांगड़ा के अवधि 1.4.2013 से 31.3.2016 के लेखाओं का अंकेक्षण कार्य स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग द्वारा किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान/सचिव कार्यरत थेः–**

**प्रधानः–**

| क्र0सं0 | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती जीवना देवी | 01.04.13 से 22.01.16 |
| 2 | श्रीमती तृष्ला देवी | 23.01.16 से 31.03.16 |

**सचिवः–**

| क्र0सं0 | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री चरण सिंह | 01.04.13 से 31.3.16 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सारः–** ग्राम पंचायत हारवोह के लेखाओं अवधि 01.04.2013 से 31.03.2016 के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से हैः–

| क्र0सं0 | पैरा सं0 | अनियमितता का संक्षिप्त सार | राशि (लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 7 | खाता–(ख) में अर्जित ब्याज को खाता–(क) में अन्तरित न किया जाना | 0.25 |
| 2 | 10 | अनुदान का उपयोग न करना | 4.96 |
| 3 | 11 | औपचारिकताएँ पूर्ण किए बिना स्टॉक/स्टोर का क्रय | 7.89 |
| 4 | 12 | सहभागी समिति गठित किए बिना कार्य निष्पादन बारे | 14.44 |

## भाग–दो

**2 वर्तमान अंकेक्षणः–**

ग्राम पंचायत हारवोह, विकास खण्ड रैत, जिला कांगड़ा के अवधि 01.04.2013 से 31.03.2016 के लेखाओं का प्रथम एवं वर्तमान अंकेक्षण श्री तरबीज कुमार, अनुभाग अधिकारी द्वारा दिनांक 30.11.16 से 6.12.16 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में किया गया। लेखाओं की विस्तृत जाँच हेतु आय एवं व्यय के लिए क्रमशः माह 4/13, 8/14 व 12/15 तथा 10/13, 9/14 व 7/15 का चयन किया गया, जिसके परिणामों को आगामी पैराग्राफों में समाविष्ट किया गया है।

इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रण अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। उक्त पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाली किसी भी प्रभाव हेतु स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश उत्तरदायी नहीं होगा।

**3 अंकेक्षण शुल्कः–**

ग्राम पंचायत हारवोह, विकास खण्ड रैत, जिला कांगड़ा के अवधि 01.04.2013 से 31.3.2016 के लेखाओं के अंकेक्षण हेतु अंकेक्षण शुल्क ₹6000/– बनता है। उक्त अंकेक्षण शुल्क की राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009 को प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या 199 (A) दिनांक 6.12.16 द्वारा सचिव ग्राम पंचायत हारवोह से अनुरोध किया गया है।

**4 वित्तीय स्थितिः–**

ग्राम पंचायत हारवोह द्वारा प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत की अवधि 01.04.2013 से 31.03.2016 के लेखाओं की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार थीः–

**(1) स्वः स्त्रोतः–** ग्राम पंचायत हारवोह के अवधि 01.04.2013 से 31.03.2016 तक स्वः स्त्रोतों की वित्तीय स्थिति का विवरणः–

| वर्ष | अथशेष | प्राप्ति | योग | व्यय | अन्तिम शेष |
|---|---|---|---|---|---|
| 2013–14 | 230834 | 451644 | 682478 | 173520 | 508958 |
| 2014–15 | 508958 | 470498 | 979456 | 450418 | 529038 |
| 2015–16 | 529038 | 215902 | 744940 | 402954 | 341986 |

**(2) अनुदानः–** ग्राम पंचायत हारवोह के अवधि 01.04.2013 से 31.03.2016 के अनुदानों की वित्तीय स्थिति का संकलित विवरण निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट–1** में दिया गया हैः–

| वर्ष | अथशेष | प्राप्ति | योग | व्यय | अन्तिम शेष |
|---|---|---|---|---|---|
| 2013–14 | 237058 | 3988863 | 4225921 | 4038245.70 | 187675.30 |
| 2014–15 | 187675.30 | 3449129 | 3636804.30 | 3586611.15 | 50193.15 |
| 2015–16 | 50193.15 | 1582678 | 1632871.15 | 1137357.15 | 495514.00 |
| | **दिनांक 31.3.16 को स्वःस्त्रोत व अनुदान राशि का कुल योग (1+2)** | | | | **₹837500** |

**दिनांक 31.3.2016 को बैंक में जमा राशि का विवरणः–**

| क्रमांक | निधि का नाम | बैंक खाता सं0 | राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा | 1998000102129152 PNB Darimi | 0 |
| 2 | IAY | 50055747773 KCCB Rait | 2063 |
| 3 | S.F.+3rd state | 20040016707 KCCB Rait | 341986 |
| 4 | MP LAD | 1998000102129143 PNB Darini | 0 |
| 5 | SDP LADA | 50056040037 KCC Rait | 2738 |
| 6 | TSC | 50055747751 KCCB Rait | 7765 |
| 7 | 13 Fin | 50055747784 KCC Rait | 459126 |
| 8 | IWMP | 1998000102128214 PNB Darini | 23822 |
| | | **कुल** | **₹837500** |

**(1) अन्तशेष का विवरणः–**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | दिनांक 31.3.16 की वित्तीय स्थिति अनुसार अन्तशेष | ₹837500 |
| (ख) | दिनांक 31.3.16 को बैंक में कुल जमा राशि | ₹837500 |

## 5 ₹60 कम जमा करवाने बारेः–

अभिलेख की जाँच में पाया गया कि राजस्व के रूप में रसीद संख्या 132634 से 132700 तक कुल ₹3960 की प्राप्ति हुई लेकिन रोकड़ बही में मात्र ₹3900 की प्राप्ति दर्ज की गई। अतः ₹60 की कम दर्ज राशि को उचित स्त्रोत से वसूल किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

**6 रोकड़ बही को नियमानुसार तैयार न करनाः–**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त बजट लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 4 (1) के अनुसार नियम 3 में दर्शाई बजट संहिता संख्या 01 से 50 में वर्णित आय पंचायत की अपनी आय के स्त्रोत माने जाऐगें और स्वः स्त्रोत हेतु पृथक खाता खोला जाएगा। यह खाता पंचायत निधि खाता–क के रूप में जाना जायेगा। इसी तरह नियम–3 में संहिता संख्या 51 से 99 में वर्णित प्राप्त सहायता अनुदान विशेष प्रयोजनों के लिए आबंटित निधियां और अन्य संस्थाओं से प्राप्त ऋण के लिए पृथक खाता खोला जाएगा और पंचायत निधि खाता–ख जाना जायेगा परन्तु जाँच में पाया गया कि अंकेक्षण अवधि में ग्राम पंचायत की अपनी आय के स्त्रोत की व अनुदानों के लिए एक ही रोकड़ बही ग्राम पंचायत द्वारा तैयार की गई है जोकि अनियमित है। अतः नियमानुसार रोकड़ बही का रख रखाव न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व भविष्य में पंचायत निधि खाता–क व ख के अनुरूप रोकड़ बही का रख रखाव किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

**7 खाता "ख" में अर्जित ₹0.25 लाख के ब्याज को खाता "क" में अन्तरित न किया जानाः–**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 4 (1) के अनुसार प्रतिवर्ष माह जनवरी व जुलाई में पंचायत द्वारा खाता "ख" में अर्जित ब्याज को पंचायत निधि के स्वयं संसाधनों के खाता "क" में अन्तरित किया जाना अपेक्षित है। परन्तु बैंक खातों की जाँच में पाया गया कि इस नियम की अनुपालना नहीं की जा रही है। निम्नविवरणानुसार अंकेक्षण अवधि के दौरान खाता "ख" से सम्बन्धित बचत खातों में अर्जित ब्याज को उपरोक्त नियम की अनुपालना में खाता "क" में अन्तरित किया जाना अपेक्षित था परन्तु ब्याज की राशि को अन्तरित नहीं किया गया। इस बारे स्थिति स्पष्ट करते हुए उक्त राशि को तुरन्त खाता "ख" के समस्त बैंक खातों से निकाल कर खाता "क" में अन्तरित करते हुए भविष्य में भी नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाए।

| | | वर्ष | | |
|---|---|---|---|---|
| **खाता संख्या** | **2013–14** | **2014–15** | **2015–16** | **कुल ब्याज (₹)** |
| 1998000102129152 | 10616 | – | – | 10616 |
| 50055747773 | 419 | 934 | 1210 | 2563 |
| 50056040037 | 1526 | 1150 | 107 | 2783 |
| 1998000102129143 | 373 | 7 | – | 380 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 50055747751 | – | 363 | 302 | 665 |
| 50057477784 | – | 1520 | 1508 | 3028 |
| 1998000102128214 | 2856 | 1364 | 1077 | 5297 |
| **जोड़** | **15790** | **5338** | **4204** | **25332** |

## 8 वर्गीकृत सार रजिस्टर को तैयार न करने बारेः–

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 29 (4) के अनुसार प्रत्येक पंचायत द्वारा फार्म 8 में वर्गीकृत सार एक भाग आय के लिए तथा दूसरा भाग व्यय के लिए तैयार किया जाना अपेक्षित है। जिसमें प्रत्येक मद के लिए एक अलग पन्ने पर प्रत्येक आय तथा व्यय के लेन देन के लिए अलग अलग प्रविष्टि की जाएगी। प्रत्येक माह के अन्त में मासिक तथा प्रगतिशील योग के लिए प्रविष्टि की जायेगी। इस सार को बनाए जाने का उद्देश्य आय व व्यय को बजट के अनुसार नियन्त्रित रखा जाना है। इसके न बनाए जाने के कारण अंकेक्षण के दौरान पंचायत के आय तथा व्यय के आंकड़ों का मिलान बजट के साथ करने में न केवल मुश्किल आई परन्तु आय व्यय विवरणी तथा वित्तीय स्थिति को तैयार करने में भी समय की बर्बादी हुई है। इस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए व भविष्य के लिए नियमानुसार वर्गीकृत सार को तैयार किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 9 कर माँग व प्राप्ति रजिस्टर उपलब्ध न करवाने बारेः–

अंकेक्षण के दौरान जाँच में स्व स्त्रोत, जैसे कि गृहकर, भू राजस्व इत्यादि से प्राप्त आय से सम्बन्धित माँग व एकत्रीकरण रजिस्टर अंकेक्षण में आवश्यक जाँच में उपलब्ध नहीं करवाया गया जिसके अभाव में करों की कुल वसूली की सत्यता व शेष वसूली की जाँच अंकेक्षण द्वारा नहीं की जा सकी जोकि एक गम्भीर अनियमितता है। अतः पंचायत से सम्बन्धित उक्त अभिलेख को प्रस्तुत न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 10 अनुदान ₹4.96 लाख का उपयोग न करनाः–

पंचायत द्वारा अनुदानों से सम्बन्धित उपलब्ध करवाई गई सूचना **(परिशिष्ट–1)** के अनुसार दिनांक 31.3.2016 तक अनुदान ₹495514 उपयोग हेतु शेष थी। ग्राम पंचायत द्वारा विभिन्न विकासात्मक कार्यों हेतु प्राप्त अनुदानों के स्वीकृति पत्र की शर्त अनुसार अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय किया जाना था, जबकि पंचायत द्वारा अनुदान की राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय न करने के कारण धन का अवरोधन होने के साथ–साथ सरकारी योजनाओं से ग्रामीणों को होने वाले लाभ से वंन्चित होना पड़ा। अतः अनुदान की राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए अनुदान के व्यय हेतु सक्षम अधिकारी से

अवधि बढ़ौतरी की स्वीकृति प्राप्त करके उक्त राशि को व्यय करना सुनिश्चित किया जाए अन्यथा राशि का प्रत्यार्पण सम्बन्धित संस्था को किया जाए।

**11 औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही ₹7.89 लाख के स्टॉक/स्टोर का क्रय करनाः—**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67 (4) व 67 (5) द्वारा स्टॉक/स्टोर का क्रय करने की औपचारिकताऐं प्रावधित है। व्यय वाउचरों के अंकेक्षण में पाया गया कि **परिशिष्ट–2** में दिए गए विवरणानुसार पंचायत द्वारा ₹788938 के स्टॉक/स्टोर का क्रय औपचारिकता को पूर्ण किए बिना ही किया गया जोकि उक्त नियमों के अनुरूप न होने के कारण अनियमित व आपत्तिजनक है। अतः स्टॉक/स्टोर का क्रय नियमानुसार न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए इस अनियमितता को सक्षम अधिकारी की स्वीकृति से नियमित करवाया जाए तथा भविष्य में नियमानुसार ही स्टॉक/स्टोर का क्रय किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**12 सहभागी समिति गठित किए बिना ₹14.44 लाख के कार्य निष्पादन बारेः—**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 93 के अनुसार प्रत्येक कार्य के निष्पादन के लिए पृथक सहभागी समिति गठित की जाएगी। निर्माण कार्यों से सम्बन्धित निम्न मामलों की जांच में पाया गया कि पंचायत द्वारा **परिशिष्ट–3** में दिए गए विवरणानुसार निर्माण कार्यों पर ₹14.44 लाख का व्यय बिना सहभागी समिति के गठन के किया गया। अतः नियमों के विरूद्ध निर्माण कार्यों का निष्पादन बिना सहभागी समिति के गठन के कारण स्पष्ट करते हुए भविष्य में प्रत्येक कार्य का निष्पादन नियमानुसार करना सुनिश्चित किया जाए।

**13 नियमों के विरूद्ध आठ बैंक खातों का खोला जानाः—**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त बजट लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 7 (1 व 2) पंचायत में केवल दो बैंक खाते खोले का प्रावधान है जिसमें से खाता "क" में पंचायत के स्वयं संसाधनों से प्राप्त आय तथा खाता "ख" में प्राप्त समस्त अनुदानों को जमा करवाए जाने का प्रावधान है परन्तु पंचायत द्वारा दो के स्थान पर पैरा 4 के अनुसार आठ बैंक बचत खाते खोले गए। अतः नियमों के विरूद्ध खोले गए इन बैंक खातों बारे उचित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करते हुए भविष्य के लिए इन छः अतिरिक्त बैंक खातों को बन्द करते हुए इस बारे नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाए।

**14 सभा निधि से ₹1371 के अनुचित भुगतान बारेः–**

वाऊचर संख्या 51 दिनांक 7.12.15 के अन्तर्गत सभा निधि से श्री कुलदीप कुमार को ₹1371 का भुगतान चैक नं0 954601 के माध्यम से किया गया था अंकेक्षण द्वारा अभिलेख की जाँच में पाया गया कि सम्बन्धित भुगतान का बिल खाली (Blank) है। खाली बिल का भुगतान अनियमित व अनुचित है। अतः कोरे बिल के भुगतान के कारण स्पष्ट किए जाएं अन्यथा अनुचित भुगतान की राशि की वसूली उचित स्त्रोत से की जाए व कृत कार्यवाही आगामी अंकेक्षण में दिखाई जाए।

**15 विहित रजिस्टरों का रख रखाव न करनाः–**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 29 से 31 के अन्तर्गत पंचायत द्वारा विभिन्न रजिस्टरों/अभिलेख का रख रखाव किया जाना अनिवार्य था। अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा निम्न रजिस्टरों/अभिलेख का रख रखाव नहीं किया गया था, जोकि अनियमित व आपत्तिजनक है। अतः नियमानुसार इन अभिलेखों व रजिस्टरों का रख रखाव किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

| **क्र0सं0** | **रजिस्टर/अभिलेख** | **फार्म संख्या** | **संदर्भित नियम** |
|---|---|---|---|
| 1 | निवेश रजिस्टर | 1 | 12 |
| 2 | अस्थाई अग्रिम रजिस्टर | 9 | 30 |
| 3 | निर्माण कार्यों का रजिस्टर | 31 | 95 (1) |
| 4 | मासिक समाधान विवरणी | 15 | – |
| 5 | विभिन्न अनुदानों के लेजर | 7 | 29 (1) |
| 6 | खाते मांग एवं प्राप्ति रजिस्टर | 10 | 33 व 77 (4) |
| 7 | डाक टिकट रजिस्टर | 24 | 61 (2) |
| 8 | स्थाई एवं अस्थाई भण्डार रजिस्टर | 25 व 26 | 72 (1) |

**16 प्रत्यक्ष सत्यापनः–**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 73 के अन्तर्गत पंचायत के भण्डार का प्रत्येक 6 माह बाद प्रत्यक्ष सत्यापन किया जाना अपेक्षित है परन्तु अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा भण्डार का नियमानुसार सत्यापन नहीं किया गया है जिस बारे में स्थिति स्पष्ट की जाए तथा इस सन्दर्भ में अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर कृत अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।



G.P. Harboh

**17** **लघु आपत्ति विवरणिकाः—** यह संस्था को अलग से जारी नहीं की गई है।

**18** **निष्कर्षः—** लेखों के रख रखाव में उचित सुधार एवं कड़े निरीक्षण की आवश्यकता है।

हस्ता/—
(चन्द्रेश हाण्डा)
उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला—171009.
0177—2620881

पृष्ठांकन संख्याः— फिन(एल0ए0)एच(पंच)15(2) 73/2017—खण्ड—1—2152—2155 दिनाँकः 12.04.2017
शिमला—171009,

प्रतिलिपि : निम्न को सूचनार्थ/आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित हैः—

**पंजीकृत**

1 सचिव, ग्राम पंचायत हारवोह, विकास खण्ड रैत, जिला काँगड़ा, (हि0प्र0), को इस आशय के साथ प्रेषित की जाती है कि वह इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर उचित कार्रवाई करके सटिप्पण उत्तर इस विभाग को एक माह के भीतर भेजना सुनिश्चित करें।

2 निदेशक, पंचायती राज विभाग हि0प्र0, कसुम्पटी, शिमला—171009 को पैरा संख्या 1 (ख) में वर्णित अनियमितताओं पर सम्बन्धित पंचायत सचिव को आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देश जारी करने हेतु प्रेषित है।

3 जिला पंचायत अधिकारी, काँगड़ा स्थित धर्मशाला, जिला काँगड़ा, हि0प्र0

4 खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड रैत, जिला काँगड़ा, हि0प्र0

हस्ता/—
(चन्द्रेश हाण्डा)
उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला—171009.
0177—2620881

(परिशिष्ट–2)

**ग्राम पंचायत हारवोह विकास खण्ड रैत (कांगड़ा) द्वारा औपचारिकताएं पूर्ण किए बिना ही स्टॉक/स्टोर का क्रय करना**

**(पैरा–10 के सन्दर्भ में)**

| क्रमांक | निधि | वा0सं0/दिनांक | विवरण | राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सभा निधि | 13/13.8.13 | श्री गगन सिंह द्वारा रेत बजरी की सप्लाई का भुगतान | 34000 |
| 2 | सभा निधि | 32/5.10.13 | मैसर्ज वशिष्ठ कन्स्ट्रक्शन प्राईवेट लिमिटेड थंका की खेल के मैदान को लैवलिंग का भुगतान | 100000 |
| 3 | सभा निधि | 5/19.4.14 | –यथोपरि– | 100440 |
| 4 | सभा निधि | 35/21.10.13 | श्री ओम चन्द को रेत बजरी आदि की सप्लाई का भुगतान | 21090 |
| 5 | सभा निधि | 40/7.11.13 | –यथोपरि– | 20000 |
| 6 | सभा निधि | 44/27.11.13 | श्री गगन सिंह द्वारा रेत बजरी पत्थर आदि की सप्लाई का भुगतान | 33650 |
| 7 | सभा निधि | 45/23.12.13 | श्री ओम चन्द द्वारा रेत, सप्लाई का भुगतान | 36068 |
| 8 | सभा निधि | 9/27.5.14 | श्री गगन सिंह द्वारा ईन्टों की सप्लाई का भुगतान | 72000 |
| 9 | सभा निधि | 20/2.7.14 | मै0 शर्मा उत्तम चन्द अनूप नाग द्वारा सरिया आदि की सप्लाई का भुगतान | 81408 |
| 10 | मनरेगा | 51/12.8.14 | श्री ओम चन्द द्वारा रेत, बजरी शटरिंग आदि की सप्लाई का भुगतान | 38846 |
| 11 | मनरेगा | 83/9.9.14 | –यथोपरि– | 41383 |
| 12 | मनरेगा | 86/10.9.14 | श्री सोनू राम द्वारा रेत, बजरी शटरिंग आदि की सप्लाई का भुगतान | 96460 |
| 13 | मनरेगा | 104/1.10.13 | श्री ओम चन्द द्वारा रेत, बजरी आदि की सप्लाई का भुगतान | 71839 |
| 14 | मनरेगा | 114/10.10.13 | –यथोपरि– | 41754 |
| | | | **कुल** | **₹788938** |

**(परिशिष्ट–3)**

**ग्राम पंचायत हारवोह विकास खण्ड रैत (कांगड़ा) द्वारा सहभागी समिति गठित किए बिना कार्य निष्पादन**

**(पैरा–11 के सन्दर्भ में)**

| क्रमांक | निधि | कार्य का नाम | राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | LADA सभा निधि | खेल के मैदान की लैवलिंग | 294000 |
| 2 | सभा निधि | निर्माण समुदायक भवन लाभ | 500000 |
| 3 | मनरेगा | निर्माण कुहल द्राका से दालती के घर तक | 500000 |
| 4 | सभा निधि | मुरम्मत पंचायत भवन बोह | 150000 |
| | | **कुल** | **₹1444000** |